भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1974
दिनांक 20.12.2023/29 अग्रहायण,1945 (शक) को उत्तर के लिए

नागरिक सुरक्षा सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए पदक

1974 # श्री सतीश चंद्र दूबे:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नर्सिंग सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को पदक देकर प्रोत्साहित किया जाता है; और

(ख) यदि हाँ, तो विगत पांच वर्षों के दौरान कितने कर्मियों को पदक दिए गए हैं, तत्संबंधी वर्षवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क): होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा संगठनों के सदस्यों के साथ-साथ नर्सिंग सेवा से जुड़े व्यक्तियों को सरकार द्वारा पदक देकर प्रोत्साहित किया जाता है।

सरकार ने होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा के सदस्यों को उनकी विशिष्ट और सराहनीय सेवाओं और वीरता और कर्तव्य के प्रति उत्कृष्ट समर्पण के लिए पदक प्रदान करने के लिए पुरस्कार की स्थापना की है। सरकार ने नर्सों और नर्सिंग सेवा से जुड़े व्यक्तियों द्वारा समाज को प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं को मान्यता देने के लिए नर्सिंग सेवा से जुड़े व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना भी की है।

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान पदक/पुरस्कार प्राप्त करने वाले होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा तथा नर्सिंग कर्मियों के सदस्यों की संख्या का वर्षवार विवरण संलग्न है।

दिनांक 20.12.2023 को उत्तर के लिए रा. स. अता. प्र. सं. 1974 के (ख) का अनुलग्नक

वर्ष	राष्ट्रपति का गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा पदक	गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा पदक	राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा के लिए गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा पदक	सराहनीय सेवा के लिए गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा पदक	राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार
2019	0	0	16	86	36
2020	0	4	9	79	51
2021	3	0	9	97	51
2022	0	2	9	60	15
2023	0	1	14	88	15

*****